प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जनजातीय युवाओं के लिए विकास का खुला आसमान उपलब्ध है–राष्ट्रपति ने आज जनजातीय गौरव दिवस पर राष्ट्र को संबोधित किया।

- बिरसा मुंडा जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे–प्रदेश में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

- अलवर सहित एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बढाने के लिए आज से ग्रेप–3 लागू हुआ।

- गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व आज देशभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

..............................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जनजातीय युवाओं के लिए आज विकास का खुला आसमान उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को सम्मान मिला है, वे जितनी भी ऊंची उडान भरना चाहे सरकार और समाज उनके साथ है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरकार आदिवासी समाज की विकास यात्रा को आगे बढा रही हैं और राष्ट्रीय योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। श्रीमती मुर्मू आज भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस और जनजातीय गौरव दिवस पर नई दिल्ली से देशवासियों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बडे पैमाने पर सरकार जनजातीय समुदायों के लाभ के लिए विशेष योजनाएं लागू कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि प्रमुख राष्ट्रीय योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक पहुंचे।

..............................

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इस देश के आजादी के संघर्ष में आदिवासी समाज ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश को विकास के चरम बिन्दू तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है और मुझे उम्मीद है कि देश के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए, हम अपने प्रयासों एवं परिश्रम के बल पर इस लक्ष्य को जल्द ही हांसिल करेंगे।

..............................

आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। यह दिन हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज से ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। श्री मोदी ग्रामीण और दूर–दराज के इलाकों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। जनजातीय गौरव दिवस देश के स्वाधीनता संग्राम तथा विरासत के संरक्षण और प्रगति में जनजातियों के महत्वंपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है। इधर प्रदेश में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंति के उपलक्ष्य में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। जैसलमेर, केकडी और सवाईमाधोपुर में भी प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन के लिये विशेष इंतजाम किये गए है। बारां में होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम में देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन और खनिज संपदा के संरक्षण में आदिवासी समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के दौर में सभी को आदिवासी समाज की जीवन शैली से प्रेरणा लेनी चाहिए।

..............................

दीपावली के बाद से एनसीआर में लगातार प्रदूषण बढता जा रहा है। भिवाडी का एक्यूआई स्तर 300 के पार पहुंच गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता आयोग ने अलवर सहित समूचे एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप–3 लागू कर दिया है।

..............................

जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में हुई बैठक में उहोंने अधिकारियों से नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने को कहा।

..............................

गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व आज देशभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्म का प्रतीक है। इस मौके पर गुरूद्वारों में विशेष कीर्तन, दीवान सजाये गये है।

..............................

प्रकाश पर्व पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम किये जा रहे है। आज राजधानी जयपुर में सुबह से ही घरों और गुरूद्वारों से प्रभात फेरी निकाली गई। यहां गुरूद्वारों के दीवान में रागीजत्थे गुरू की वाणी और शबदो के जरिये बखान कर रहे है। इससे पहले प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर भी कल पालकी साहिब को फूलो से सजाकर संगत मत्था टेककर अरदास की गई। सवाईमाधोपुर, करौली, चूरु, बारां और डूंगरपुर के गुरुद्वारों में विशेष सजावट की गई है। यहां लंगर और शबद कीर्तन के आयोजन किये जा रहे है। पाली में आज गुरूनानक की जीवनी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई है। इसके बाद लंगर होगा और शाम को पंच प्यारों के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि नानक देव की शिक्षाएं नैतिक मूल्यों् का मार्गदर्शन करती हैं और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि गुरूनानक देव का जीवन मानवता की सेवा का संदेश देता है तथा सत्य, एकता और भाई चारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे गुरू नानक देव की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए देश और प्रदेश की उन्नति में अपना योगदान दें।

..............................

आज कार्तिक पूर्णिमा का दिन देशभर में देव दीपावली के रूप में मनाया जा रहा है। कार्तिक मास में पवित्र स्नान और व्रत करने वाली महिलाएं आज उद्यापन करेंगी, घरों और देवालयों में आज दीपक जलाए जाएंगे, मंदिरों में धार्मिक आयोजन होगें और विशेष रूप से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाएगी। इस मौके पर जयपुर स्थित गलतातीर्थ में सुबह से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे है। वहीं आज अजमेर के पुष्कर सरोवर के सभी घाटों पर एक साथ महाआरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी हिस्सा लेंगी। इसके बाद नगर परिषद की ओर से आतिशबाजी का आयोजन भी होगा। इसी के साथ पुष्कर का धार्मिक मेला भी संपन्न हो जाएगा। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर भी अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है।

..............................

बारां में आज श्रद्धालु धार्मिक स्थानों पर स्थित पवित्र जलाशयों में स्नान कर दान पुण्य कर रहे है।

..............................